दिनांक 14.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम कर रहा गोबर से कंडे तैयार मुक्तिधाम में किया जाएगा उपयोग'

भिलाईनगर/ आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया है की गोबर जो इधर–उधर पड़े रहते हैं उनका सदुपयोग कर कंडे या खाद तैयार किया जाए इसी तारतम्य में वार्ड 28 छावनी क्षेत्र मैं गोबर से कंडे बनाने का काम किया जा रहा है जिसे मुक्तिधाम में उपयोग किया जाएगा।

अवगत हो कि गोबर एक्सप्रेस तैयार किया गया है जो कि केवल गोबर एकत्रित करने का कार्य कर रही है इस गोबर का सदुपयोग करने हेतु आयुक्त सुंदरानी ने सभी जोन आयुक्त को निर्देशित किया है।

बचे हुए गोबर का उपयोग खाद बनाने के रूप में भी किया जाएगा।

आयुक्त का कथन है कि स्वच्छता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए यह एक नई पहल है इससे मुक्तिधाम में लकड़ी का उपयोग कम होगा।

जनसम्पर्क अधिकारी